Tasty Dairy
SPECIALITIES LTD.

TDSL/CS/BSE/NP/03-2025-26

November 17, 2025

To,
Corporate Listing Department
Bombay Stock Exchange Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai- 400001

Scrip Code- 540955 **ISIN: INE773Y01014 (TDSL)**

Dear Sir / Madam,

Subject: Submission of copies of Newspaper Advertisement for Un-Audited Financial Results (Standalone) for the quarter and half year ended September 30, 2025

Pursuant to Regulation 30 and Regulation 47 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, we are enclosing a copy of newspaper advertisement of Un-Audited Financial Results (Standalone) for the quarter and half year ended September 30, 2025 published in the Newspaper of Financial Express (English), All India edition dated 16/11/2025 and Lokbharti (Hindi), Kanpur edition dated 16/11/2025. The same has been made available on company's website www.tastydairy.com.

Kindly take the same on record and display the same on the website of your exchange.

Thanks & Regards

For TASTY DAIRY SPECIALITIES LIMITED

ANISH AGARWAL
IBBI/IPA-001/IP-P-01497/2018-19/12256
INSOLVENCY PROFESSIONAL

(Anish Agarwal)
Resolution Professional
IP Registration No.: IBBI Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P-01497/2018 -2019/12256

Encl.: As stated above

(Tasty Dairy Specialities Limited is under Corporate Insolvency Resolution Process of the Insolvency and Bankruptcy Code 2016, Its affairs, business and assets are being managed by the Resolution Professional, Mr. Anish Agarwal (IP Registration No.: IBBI Reg. No. IBBI/IPA-001/IP-P-01497/2018 -2019/12256) vide order dated October 07, 2025.

Enclosure: As stated above

ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों का दिल्ली कूच

सिकंदरपुरकर्ण। आज प्रांतीय नेतृत्व के आदेश पर 5 दिसंबर को जो राष्ट्रव्यापी धरना रामलीला ग्राउंड दिल्ली में प्रस्तावित है उसी क्रम में आज सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक इकाई की बैठक बीआरसी सभागार में हुई जिसमें निर्णय लिया गया सभी शिक्षक 5 तारीख को आकस्मिक अवकाश में रहेंगे तथा 4 तारीख की शाम को संगठन में उपलब्ध कराई बस के माध्यम से निजी संसाधनों से ट्रेन से सभी शिक्षक दिल्ली रामलीला ग्राउंड पहुंचेंगे और अपनी एकता का परिचय देंगे, बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने स्पष्ट किया की प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशन में जिला कमेटी के मार्गदर्शन में सभी जनप्रतिनिधियों को तथा जिले में पूर्व में ही ज्ञापन के माध्यम से विरोध दर्ज कर दिया गया था। जनपदी नेतृत्व के मार्गदर्शन में 4 तारीख को पूरे जनपद से जिला अध्यक्ष बृजेश पांडे के नेतृत्व में 25 बस दिल्ली के लिए रवाना हो रही है जिसमें सिर्फ कर्ण ब्लॉक से 3 बसें 10 चार पहिया वाहन करीबन 222 अध्यापक दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। जिसमें मुख्य रूप से चयन वेतन का निस्तारण जिस पर तत्काल खंड शिक्षा अधिकारी से वार्ता की गई और सभी 54 स्वीकृत फाइल लेखा अधिकारी लाल के लिए अग्रसारित कराई गई तथा जिन अध्यापक साथियों का बीएलओ के कारण वेतन रोकने का आदेश हुआ था उनका वेतन बहाली के विषय में भी चर्चा हुई और खंड शिक्षा अधिकारी को लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया गया। बैठक का संचालन ब्लॉक के महामंत्री सुधाकर वर्मा ने किया। बैठक में प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, मंत्री कौशलेंद्र कुमार, मनोज यादव, उपाध्यक्ष महेश कुमार, डॉ नीतू शुक्ला, इंद्रजीत, प्रदीप सैनी, सहित 51 सदस्य कमेटी के उपस्थित रहे।

कालपी प्रेस क्लब के शपथ ग्रहण की तैयारियां जोरों पर

कालपी (जालौन)। कालपी प्रेस क्लब कालपी के शपथ ग्रहण के कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर चल रही है। 17 नवंबर को उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना प्रेस क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों को शपथ दिलाने एवं कार्यक्रम में शिरकत करने पधार रहे हैं। कालपी प्रेस क्लब कालपी के अध्यक्ष मनोज चतुर्वेदी ने बताया की कालपी प्रेस क्लब कालपी का ऐतिहासिक शपथ ग्रहण कार्यक्रम 17 नवंबर को कालपी के श्याम पैलेस गेस्ट हाउस में संपन्न होने जा रहा है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना पधार रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालपी के विधायक विनोद चतुर्वेदी करेंगे। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी भड़ास4मीडिया के संपादक यशवंत सिंह, कानपुर के स्थानीय संपादक उत्तम मिश्रा, संपादक एमए कुरैशी सहित तमाम हस्तियां मौजूद रहेंगी। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जनपद के वरिष्ठ पत्रकार सहित जिला मुख्यालय के सभी पत्रकारों गणमान्य नागरिकों पर राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं एवं समाजसेवियों अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। महर्षि वेद व्यास की जन्मस्थली में प्रेस क्लब के इस कार्यक्रम के लिए तैयारियां जोर-जोर से चल रही हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस में 18 फरियादियों ने दर्ज करायीं शिकायतें

लोकभारती न्यूज ब्यूरो


शिकायतों को सुनते तहसीलदार अमित शेखर व सीओ शैलेंद्र बाजपेई।

जालौन (उरई)। जन समस्याओं को मौके पर निस्तारण के लिए तहसील सभागार में तहसीलदार अमित शेखर व सीओ शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 18 शिकायतें पंजीकृत हुई जिनमें चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार अमित शेखर व सीओ शैलेंद्र कुमार बाजपेयी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें 18 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई। जिनमें अवैध कब्जा, मारपीट, बिजली, पानी, अतिक्रमण आदि की शिकायतें दर्ज कराई गई। संपूर्ण समाधान दिवस में सबसे अधिक आठ शिकायतें राजस्व विभाग, पुलिस विभाग की पांच, विकास विभाग की तीन, पूर्ति व बिजली विभाग की एक-एक शिकायत पंजीकृत हुई। मौके पर राजस्व व बिजली विभाग की दो-दो शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया। इस मौके बीडीओ गणेश कुमार, नायब तहसीलदार तारा शुक्ला, सतेंद्र गुप्ता, गौरव कुमार, डॉ. राजीव दुबे, पूर्ति निरीक्षक राजेश कुमार, जे ई बिजली नवीन कनौजिया, जेई जल संस्थान आलोक श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

संपूर्ण समाधान दिवस में आयी 14 शिकायतें, मौके पर निस्तारण रहा शून्य

कालपी (जालौन)। उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ जिसमें महज 14 शिकायतें आईं लेकिन निस्तारण शून्य रहा। जनता की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम मनोज कुमार सिंह की अगुआई मे आयोजित समाधान दिवस में अधिवक्ता रामकुमार तिवारी ने शिकायत करते हुए कहा कि जोल्हूपुर मोड़ पर माईनर की सफाई न होने से जलभराव की समस्या हो रही पर सिंचाई विभाग तवज्जो नहीं दे रहा है जबकि वह 10 बार शिकायत कर चुके हैं इसके अलावा अन्य लोगों ने भी अपनी समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र सौंपे है लेकिन राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल के चलते किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सका है। इस मौके पर सीओ अवधेश कुमार सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार, पूर्ति निरीक्षक सुशील कुमार, जेई जल संस्थान के जेई वाजिद अली सहित सभी विभागों के जिम्मेदार मौजूद रहे।

कोंच में बार संघ ने समस्याओं से संबंधित पत्र डीएम को सौंपा

लोकभारती न्यूज ब्यूरो


जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता।

कोंच (जालौन)। कोंच बार एसोसिएशन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामशरण कुशवाहा ने अधिवक्ताओं के साथ मिलकर दिन शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम को एक समस्याओं से संबंधित शिकायती पत्र देते हुए बताया कि एसडीएम न्यायालय में पेशगार की कमी है दो दो लोग होने के बावजूद भी वहां भी दो-दो महीने तक निर्णय पारित नहीं हो पा रहे हैं।

तहसील न्यायालय में भी नए-नए वाद दाखिल खारिज नहीं किया जा रहे है जबकि वाद दाखिल खारिज 35 दिन के अंदर हो जाने चाहिए लेकिन वह 3-3, 4-4 महीने तक लंबित रहते है जिससे पक्षकारों को भारी परेशानी होती है और हम लोगों को भी पक्षकारों को संतुष्ट करने में परेशानी होती है वहीं नायब तहसीलदार के विरुद्ध भी हमारे अधिवक्ताओं में रोष है जिस पर जिलाधिकारी को अवगत करा दिया है जिससे जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान हो सके और कई बार समस्याओं से अधिकारियों को अवगत कराते रहे हैं जो सिलसिला मार्च अप्रैल से लगातार चला आ रहा है लेकिन समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ लेकिन अब प्रभारी अधिकारी ने आज बड़ा आश्वासन दिया है कि हम जल्द ही समस्याओंके निस्तारण में ठोस कदम उठाएंगे और समस्याओं का निस्तारण कर दिया जाएगा। इस दौरान बार एसोसिएशन मंत्री दीपक मिश्रा आर अग्रवाल अशोक तिवारी के के श्रीवास्तव विनोद अग्निहोत्री अवधेश दुबे सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

विस्फोट में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

ललितपुर। शहर के मोहल्ला तालाबपुरा में विगत दिनों दिल्ली में हुए हादसे के शिकार लोगों को श्रद्धांजलि दी गई, जिसमें शीलचंद सिंघई, फूलचंद विश्वकर्मा ने बताया कि देश में हो रहे हिंसक हमले की निंदा करते हुए हादसे में मृतक लोगों को भावभीन श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर दीपक जलाकर दो मिनट का मौन रख कर शोक संतप्त परिवार को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान पत्रकार अरविंद संज्ञा, नरेंद्र पाठक, मुन्ना तिवारी, नरेश बिदुआ, आशीष तिवारी, पंकज रायकवार, सुन्नी सोनी, रज्जन चतुर्वेदी, गोविंद श्रीवास्तव, आनंद दुबे, रानू अरजरिया, कामता प्रताप, अंकित, शिवाजी, महेन्द्र जैन डब्बू एड., कोमल, प्रभु, प्रकाश, पूरन, रतन, रामरतन, लक्ष्मी नारायण माली, टोनी, संजय, प्रेम, जगदीश, महेश श्रीवास्तव, छोटे साहू, शंकर कुशवाहा, रूपेश, शैलेंद्र राठौड़, प्रतापदीप गिरी, रमेश, बलदेव राजा, अतुल खरे, रमेश साहू, पदू सोनी, राजीव बाजपेयी, कुन्दन सेन, रजनीश गिरी, स्वतन्त्र सागर, मनीष रजक, हेमंत गिरी आदि शामिल रहे।

मन को माधव के साथ जोड़ो दुनिया स्वार्थी इसमें मन लगाने से कोई लाभ नहीं:पं. शिवप्रसाद

लोकभारती न्यूज ब्यूरो


कथा वाचक पंडित शिवप्रसाद महाराज।

माधौगढ़ (जालौन)। ग्राम बुढ़नपुरा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ में तीसरे दिवस श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। कथा परीक्षित के रूप में श्रीमति रामकुंअर (पत्नी हरपाल सिंह राजावत, मास्टर) तथा आयोजन प्रमुख के रूप में श्रीमति मंजू देवी (पत्नी अजय सिंह राजावत) अपनी सेवाएं दे रही हैं।

कथा वाचक पंडित शिवप्रसाद महाराज ने भक्तों को संबोधित करते हुए कहा कि मन को माधव के साथ जोड़ो, दुनिया स्वार्थी है इसमें मन लगाने से कोई लाभ नहीं। संत का आश्रय तभी सार्थक होता है जब हम उनके गुणों और आदर्शों का अनुसरण करें, न कि उनकी बाहरी सुंदरता का। तृतीय दिवस की कथा में महाराज ने विदुर जी के चरित्र और धृतराष्ट्र-विदुर संवाद का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि भागवत कथा मनुष्य को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर ले जाती है तथा सत्य का मार्ग ही मोक्ष का वास्तविक पथ है। कथा आयोजन को सफल बनाने में हरिकृष्ण अग्निहोत्री, रवि तिवारी और अमन शर्मा का विशेष योगदान रहा। आयोजक अवनीश राजावत ने बताया कि प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्त कथा श्रवण के लिए पहुंच रहे हैं और वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना हुआ है। सप्ताहभर चलने वाले इस ज्ञानयज्ञ का समापन हवन-पूजन और भंडारे के साथ गरिमामय वातावरण में किया जाएगा।

चाचा नेहरू के जन्मदिन पर विद्यालय में लगा मेला

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

औरैया। शहर के पोरवाल रेजिडेंशियल इंग्लिश स्कूल में बाल दिवस के अवसर पर भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने विभिन्न राज्यों के संस्कृति नृत्य, व्यंजन तथा ऐतिहासिक इमारत का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जूनियर डिवीजन जज प्रवीण कुमार तथा उनकी पत्नी श्रीमती आभा ने फीता काट कर किया। इस कार्यक्रम में शहर के प्रमुख समाजसेवी लालजी शुक्ला एवं चैंबर के भूतपूर्व अध्यक्ष अनुराग शुक्ला तथा विद्यालय के संरक्षक मौके पर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जूनियर विंग के बच्चों ने प्रदर्शनी नृत्य एवं व्यंजनों का बाल मेला तथा सीनियर विंग के बच्चों ने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन किया। विज्ञान प्रदर्शनी में रॉकेट लॉन्चर, वेस्ट वाटर हार्वेस्टिंग, डिजिटल पार्किंग आदि अति सराहनीय मॉडल रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक गौरव पोरवाल एवं प्रधानाचार्य श्रीमती एलिजाबेथ ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूनम, रवि, आरती, रेनू, दास, कपिल, पारस, अभिक, गौरव, अंकित, नीतू, सागर, रिया आदि अध्यापकों ने बढ़ चढ़कर सहयोग किया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में 68 में से 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

औरैया। सदर तहसील में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में भारी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुँचे। समाधान दिवस दोपहर दो बजे तक चला। जिसमें उपजिलाधिकारी अजय आनंद एवं सीओ सिटी अशोक कुमार ने संयुक्त रूप से उपस्थित रहकर जनसमस्याओं की सुनवाई की। अधिकारियों ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के कर्मचारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान कुल 68 शिकायतें दर्ज की गईं जिनमें भूमि-विवाद, राजस्व संबंधी समस्याएं, विद्युत सप्लाई, सड़क मरम्मत और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से संबंधित मुद्दे प्रमुख रहे। अधिकारियों ने मौके पर ही आठ शिकायतों का निस्तारण कर फरियादियों को राहत प्रदान की। शेष शिकायतों को संबंधित विभागों को सौंपते हुए निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। समाधान दिवस के दौरान लोगों ने बताया कि नियमित रूप से इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित होने से समस्याओं को तेजी से निपटाने में मदद मिलती है और अधिकारियों से सीधा संवाद स्थापित होता है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि सभी समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। समाधान दिवस के दौरान तहसील के विभिन्न विभागों के कर्मचारी भी मौजूद रहे।

अंडा में जलभराव की समस्या पर एसडीएम ने मौके पर पहुंची हकीकत

बाइक पर बैठकर एसडीएम ने गांव की गलियों का किया निरीक्षण

बारिश के चलते तालाब का पानी ओवर होने से गांव की गलियों में भरा

लोकभारती न्यूज ब्यूरो


अंडा गांव में जलभराव की हकीकत परखती एसडीएम।

कोंच (जालौन)। तहसील क्षेत्र के ग्राम अंडा में लंबे समय से बनी जलभराव की समस्या का समाधान कर दिया गया है पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद तालाब ओवरफ्लो होने से पूरे गांव में पानी भर गया था जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों की शिकायत पर उप जिलाधिकारी ज्योति सिंह ने तत्काल संज्ञान लेते हुए स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उल्लेखनीय है कि एसडीएम ज्योति सिंह गांव की गलियों में मोटर साइकिल से होकर पहुँची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर मौजूद कर्मियों की कार्यशैली नोट की और अधीनस्थ अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि गांव की सभी समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए इसके लिए पत्राचार के माध्यम से भी संबंधित विभागों को कार्यवाही के निर्देश भेजे जा रहे हैं। मौके पर ही एसडीएम ने बीडीओ कोंच पुलिस टीम लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षकों के साथ निरीक्षण कर जेसीबी से नाला खुदवाकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई जिससे कुछ ही समय में जलभराव समाप्त हो गया और पानी निकलते ही ग्रामीणों ने राहत की सांस ली वहीं एसडीएम ने बताया कि यह समस्या का अस्थायी समाधान है स्थायी निस्तारण के लिए बीडीओ कोंच को पक्का नाला निर्माण कराने हेतु पत्र भेजा जा रहा है ताकि भविष्य में इस प्रकार की समस्या दोबारा न हो।

बच्चों ने ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

लोकभारती न्यूज ब्यूरो

ललितपुर। एक बार फिर उच्च प्राथमिक विद्यालय सतौरा के बच्चों ने अपने विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। लगातार चौथे वर्ष ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता की विभिन्न प्रतियोगिताओं भाग लेकर विजय श्री प्राप्त की। क्रीड़ा प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्रा आरुषि ने 100 मी दौड़ में तीसरा, 200 मी दौड़ में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्राओं ने समूह गान, लोकगीत, एकांकी के साथ पी.टी.प्रदर्शन में ब्लॉक में प्रथम स्थान एवं योगा बालिका वर्ग में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि हर वर्ष की भांति बालिकाओं बहुत मेहनत की और शानदार प्रदर्शन किया। इसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों एवं विद्यालय स्टाफ वर्षा सैनी, नीरज निरंजन, जगभान, कुलदीप चौधरी का भरपूर सहयोग मिला।

संस्थापक–स्व. रमाकांत पाण्डेय सम्पादक– संगीता पाण्डेय, स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अनाम पाण्डेय द्वारा लोकभारती प्रकाशन, आर– 27–ई, व्हाइट हाउस, यशोदा नगर, कानपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। मो. 8726241505 आर.एन.आई.नं0 6928/62 lokbharti99@gmail.com समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कानपुर ही होगा।